भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1305
उत्तर देने की तारीख 25.07.2022

च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम

†1305. श्रीमती चिंता अनुराधा :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार आंध्र प्रदेश द्वारा उच्च शिक्षा में सामुदायिक सेवा कार्यक्रम के लिए क्रेडिट की तरह ही सामुदायिक सेवा को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत लाना चाहती है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसमें भाग लेने के लिए शैक्षणिक संस्थानों और जिलों की पहचान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/ उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) और (ख) **:** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों के अनुसार, आयोग ने च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम को संशोधित किया है और अवर स्नातक कार्यक्रमों के लिए मसौदा पाठ्यक्रम ढांचा और क्रेडिट सिस्टम तैयार किया है। यूजीसी ने यह भी सूचित किया है कि 'सामुदायिक जुड़ाव और सेवा' प्रस्तावित ढांचे के घटकों में से एक है और इसमें ऐसी गतिविधियाँ शामिल होंगी जो छात्रों को समाज में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों से अवगत कराएंगी ताकि सैद्धांतिक शिक्षा को वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ा जा सके जिससे वे वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान निकाल सकें।

*****